पटना में दिनांक--25 जनवरी, 2024 वृहस्पतिवार को पूर्वाह्न 11:30 बजे हुई मंत्रिपरिषद् की बैठक की कार्यवाही। मुख्यमंत्री ने बैठक की अध्यक्षता की।

निम्नलिखित निर्णय लिये गये :--

| | | | |
|---|---|---|---|
| | **वित्त विभाग** | | |
| 1. | वित्तीय वर्ष 2024–25 का वार्षिक वित्तीय विवरण बिहार विधान मंडल के समक्ष एवं तत्संबंधी बिहार विनियोग (संख्या–2) विधेयक, 2024 बिहार विधान सभा के समक्ष उपस्थापित करने एवं चालू वित्तीय वर्ष 2023–24 के पुनरीक्षित प्राक्कलन की स्वीकृति के संबंध में। | 1. | स्वीकृत। |
| | **वित्त विभाग** | | |
| 2. | तृतीय अनुपूरक व्यय विवरण, 2023–24 बिहार विधान मंडल के समक्ष एवं तत्संबंधी बिहार विनियोग विधेयक, 2024 बिहार विधान सभा के समक्ष उपस्थापित करने की स्वीकृति के संबंध में। | 2. | स्वीकृत। |
| | **संसदीय कार्य विभाग** | | |
| 3. | बिहार विधान मंडल के बजट सत्र, 2024 के अवसर पर दोनों सदनों के एक साथ समवेत अधिवेशन में माननीय राज्यपाल के अभिभाषण के प्रारूप को अनुमोदित करने के लिए माननीय मुख्यमंत्री को अधिकृत करने के संबंध में। | 3. | स्वीकृत। |